मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 6, मुंबई, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI

मोतीचूर लड्डू
बदाम बर्फी
काजू कतली
मलाई पेड़े
काजू रोल
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.



# मराठा समुदाय को 10% आरक्षण

## पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट मंजूर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने मराठा समुदाय को रिजर्वेशन देने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। इसके मुताबिक, राज्य में मराठा समुदाय को दस फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा दी गई रिपोर्ट को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र से पहले मंगलवार सुबह एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई। इसमें पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को मंजूरी दे दी गई। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### बीड में जारांगे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

बता दें कि मराठा आरक्षण के मुद्दे पर ओबीसी समुदाय के सदस्यों ने मराठा नेता मनोज जारांगे पाटिल के खिलाफ बीड में विरोध प्रदर्शन किया। ओबीसी समुदाय के एक सदस्य ने कहा कि हम मराठा आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं लेकिन मनोज जारांगे की ओबीसी से आरक्षण लेने की मांग गलत है। उन्होंने ओबीसी के राजनीतिक आरक्षण को खत्म करने के लिए सरकार को ब्लैकमेल किया। सरकार मराठों को अलग से आरक्षण दे सकती है लेकिन ओबीसी आरक्षण नहीं दिया जाना चाहिए।



### विशेष सत्र में अंतिम मुहर


**मराठा समुदाय की विभिन्न मांगों पर चर्चा के लिए आज (20 फरवरी) विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया है। मनोज जरांगे की मांग है कि कुनबी मराठों के रक्त संबंधियों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र देने को लेकर मसौदा अधिसूचना को कानून में बदलने के लिए विशेष सत्र बुलाया जाए। मालूम हो कि पिछले एक साल में चार बार मनोज जरांगे मराठा समुदाय को ओबीसी समूह के तहत आरक्षण दिलवाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर चुके हैं।**

### रिपोर्ट में क्या है?

पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि मराठा समुदाय पिछड़ा हुआ है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ऐसी असाधारण परिस्थितियाँ भी हैं जिनमें 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण की आवश्यकता होती है। राज्य में 28 फीसदी लोग मराठा समुदाय से है। मराठा शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण की मांग कर रहे हैं। आयोग ने रिपोर्ट में कहा है कि राज्य में अभी मौजूदा लगभग 52 प्रतिशत आरक्षण में बड़ी संख्या में जातियाँ और समूह शामिल है। राज्य की बड़ी आबादी पहले से ही आरक्षित श्रेणी का हिस्सा हैं। ऐसे मराठा समुदाय, जो राज्य में 28 प्रतिशत है, को अन्य पिछड़ा वर्ग में रखना असामान्य होगा।

# अशोक चव्हाण के बाद संजय निरुपम देंगे झटका!

## कांग्रेस को नहीं मिली उत्तर पश्चिम सीट



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** अशोक चव्हाण के बाद अब महाराष्ट्र के राजनीति में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लग सकता है। संजय निरुपम कांग्रेस का दामन छोड़कर शिवसेना का दामन थाम सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ संजय निरुपम की बातचीत चल रही है। दरअसल शिवसेना यूबीटी ने उत्तर पश्चिम मुंबई लोकसभा सीट अपने पास रखने का फैसला ले लिया है। शिवसेना यूबीटी ने महाराष्ट्र की 16 सीटों पर समन्वयकों के नाम जारी कर दिए हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# नवी मुंबई में नकली सोने के सिक्के बेचकर 5 लाख रुपये की ठगी



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**ठाणे।** नवी मुंबई के 41 वर्षीय एक व्यक्ति को नकली सोने के सिक्के बेचकर कथित तौर पर पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक महिला, उसके बेटे और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। खारघर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मुंब्रा के रहने वाले आरोपियों ने शुरूआत में पीड़ित को असली सोने के सिक्के बेचकर उसका विश्वास हासिल किया, बाद में आरोपियों ने उसे और सिक्के खरीदने का लालच दिया और कथित तौर पर उसे नकली सिक्के बेचकर पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी की। (शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### किसानों के आगे चारा?

सरकार ने किसानों के आगे एक प्रस्ताव रखा है। उसने कहा है कि किसान इसे मान लें, तो जमीन के नीचे जलस्तर घटने की समस्या का समाधान हो जाएगा। मगर क्या किसान आंदोलन अब तक इस समस्या के समाधान के लिए चलता रहा है? बात शुरू करने से पहले यह रेखांकित कर लेना चाहिए कि किसान आंदोलन चला रहा संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) विभाजित हो चुका है। जिस समय एसकेएम ट्रेड यूनियनों के साथ मिल कर 16 फरवरी के ग्रामीण बंद और औद्योगिक हड़ताल की तैयारियों में जुटा था, उस तारीख से पहले ही अपने को 'गैर-राजनीतिक' कहने वाले उससे अलग हुए धड़े ने 'दिल्ली चलो' अभियान शुरू कर दिया। खुद को किसानों का असली प्रतिनिधि दिखाने की कोशिश में इस धड़े ने अपेक्षाकृत अधिक उग्रता दिखाई। संभवतः केंद्र को भी इसमें किसान आंदोलन की चुनौती को कमजोर करने की संभावना नजर आई। उसने तुरंत एसकेएम (गैर-राजनीतिक) से बातचीत के लिए केंद्रीय मंत्रियों का उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल नियुक्त कर दिया। इस प्रतिनिधिमंडल ने चौथे की दौर की वार्ता में रविवार को एक नया प्रस्ताव किसानों के सामने रखा। सार यह है कि पांच फसलों- तुड़, अरहर, उड़द, मक्का और कपास के घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पांच वर्ष तक खरीदारी के लिए किसानों के साथ अनुबंध करेगी। इस अनुबंध में सरकारी एजेंसियों- नैफेड और सीसीआई के साथ-साथ राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारिता परिसंघ शामिल होगा। सरकार ने कहा है कि अगर किसान इस प्रस्ताव को मान लें, तो पंजाब में खेती धान और गेहूं पर ही केंद्रित नहीं रह जाएगी। इस तरह जमीन के नीचे जलस्तर घटने की समस्या का समाधान होगा। मगर प्रश्न यह है कि क्या किसान आंदोलन इस समस्या के समाधान के लिए चल रहा है? सरकार ने स्वामीनाथन फॉमूर्ले के अनुरूप एमएसपी, किसान कर्ज माफी आदि जैसी मांगों पर कुछ नहीं कहा है। उलटे जो प्रस्ताव रखा है, उससे संकेत मिलता है कि इसके जरिए वह कॉन्ट्रैक्ट फॉर्मिंग को प्रोत्साहित करना चाहती है। जबकि 2020 के किसान आंदोलन में इसका विरोध भी एक प्रमुख पहलू था। केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल और मध्यस्थ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जो कहा, उससे साफ है कि उनकी तरफ से सारा समाधान पंजाब-हरियाणा को ध्यान में रखते हुए सुझाया गया है। अब सवाल यह है कि क्या किसान इसे स्वीकार करेंगे? इसकी संभावना कम है।

# पैगामे रहमत : नबी का फरमान

## तू और तेरा माल तेरे मां-बाप का

**एक** बार पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम के पास एक शख्स आया और उसने शिकायत की उसका बाप जब चाहते हैं उसका माल ले लेते हैं। हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम वसल्लम ने उस आदमी के बाप को बुलाया आप सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम के बुलाने पर एक बुढ़ा कमजोर आदमी लाठी टेकते हुए हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की खिदमत में हाजिर हुआ हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने उस बूढ़े आदमी से पूछा तो उसने कहा - ऐ अल्लाह के रसूल एक वक्त था जब यह कमजोर और बेबस था और मुझमें ताकत थी मैं मालदार था और यह खाली हाथ और गरीब था मैंने कभी अपनी चीज अपना माल लेने से इसे नहीं रोक। आज मैं कमजोर हूं और यह ताकतवर है मै खाली हाथ हूं और यह मालदार है। अब यह अपना माल मुझे बचा बचा कर रखता है। ऊस बूढ़े की बात सुनकर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम रो पड़े बूढ़े के लड़के से कहा तू और तेरा माल तेरे बाप का है। पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के इस फरमान से यह वाजह हो जाता है कि इंसान जो कुछ है या उसके पास जो कुछ है वह उसके मां-बाप की दुआओं, कोशिशों और उनके नतीजे की वजह से है। इसलिए उसे खुद भी अपने मां-बाप की अधीन रहना चाहिए उनकी फरमाबरदारी की ओर खास ध्यान देना चाहिए और अपना माल भी अपने मां-बाप पर खर्च करते रहना चाहिए एवं उन्हें लेने से रोकना भी नहीं करना चाहिए। **(हदीस का महफूम)।**

**- साजिद खान धनपुरी शहडोल म.प्र.**

# हज उमरा और मां-बाप का मर्तबा

## हज से बढ़कर है मां की खिदमत

**एक** बार हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के एक सहाबी (साथी) आपकी खिदमत में हाजिर हुए और अर्ज किया कि ऐ अल्लाह के नबी मैंने अपनी मां को अपने कंधे पर बैठ कर सात बार हज कराया हूं क्या मैं उनका हक अदा कर सका इस पर अल्लाह के नबी हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया तेरी पैदाइश के वक्त जो दर्द तेरी मां को हो रहा था उस एक दर्द का हक भी यह सात बार हज अदा नहीं कर सकता है। अल्हम्दुलिल्लाह इतना बड़ा मर्तबा अल्लाह ने मां बाप का रखा है। पर आज समाज में देखा जा रहा कि आज की कई औलाद कई कई बार हज उमरा कर रही है और अपने कमाई से एक बार भी अपने मां-बाप को हज उमरा नहीं करा रही है जबकि जो दौलत आज उनके पास है वह उनके मां-बाप की नतीजो कोशिश दुआओं अच्छी तालीम और तबियत और परवरिश और अल्लाह के फजलों करम से है। जबकि वह जो हज और उमरा कर रही है वह कबूल हो रहा है या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं है क्योंकि इस्लाम में अल्लाह ने सारा दारो मदार नियत पर रखा है। अल्लाह के नबी हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया जब कोई औलाद अपने मां-बाप को एक बार मोहब्बत की नजर से देखें तो उसे इस पर एक कबूल किए हुए हज का सबब मिलता है इस पर आपके साथियों ने पूछा अगर कोई सौ बार मोहब्बत की नजर से देखें तो इस पर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया अल्लाह बहुत देने वाला है सौ हज का मिलता है।

**(हदीस का महफूम)**

**-साजिद खान धनपुरी जिला शहडोल मध्य प्रदेश**

# भाजपा की उन्मुक्त भरती योजना

**भारतीय जनता पार्टी** ने लोकसभा चुनाव से पहले अलग अलग पार्टियों के नेताओं के लिए रोजगार मेला लगा रखा है। उसने पार्टी के दरवाजे के दोनों पट खोल दिए हैं, खिड़कियां भी खोल दी हैं और उन्मुक्त भर्ती योजना चला रखी है। कोई भी आकर पार्टी में शामिल हो सकता है। कई बार तो दरवाजे पर दस्तक देने की भी जरुरत नहीं समझी जा रही है। अंदर आइए और भाजपा का पटका रखा हुआ है उसे गले में पहन लीजिए और भाजपा के हो जाइए। अगर दूसरी पार्टी में कोई हैसियत है तो बड़े नेताओं से मिलना पड़ रहा है और तब पटका पहनाने की जिम्मेदारी भाजपा का कोई छोटा या बड़ा नेता निभा रहा है। इसके लिए बाजाब्ता एक कमेटी बनाए जाने की खबर है, जिसमें कई नेता शामिल हैं, जो दूसरी पार्टियों के नेताओं से संपर्क कर रहे हैं। ऐसे लोगों से भी संपर्क किया जा रहा है, जो सक्रिय राजनीति में नहीं हैं, लेकिन अपने क्षेत्र में काबिले ए जिक्र काम किया है या जिनकी समाज में कुछ पहचान है। उनको भी उन्मुक्त भरती योजना के तहत पार्टी में शामिल किया जा रहा है। राजनीतिक रोजगार देने की भाजपा की यह योजना इस लोकसभा चुनाव की घोषणा तक चलती रहेगी। इस योजना की खास बात यह है कि सरकारी नौकरियों की तरह इसमें पदों की संख्या सीमित नहीं है यानी जितने लोग आएंगे, उतने लोगों को भरती कर लिया जाएगा। जैसे कंपनियां इन दिनों इंस्टेंट कैशबैक की योजना चलाती हैं उसी तरह इंस्टेंट बेनिफिट की योजना भाजपा चला रही है। पहले सिर्फ एक बेनिफिट था कि पहले से चल रहे आपराधिक मामलों में राहत मिल जाती थी। केंद्रीय एजेंसियों की जांच धीमी पड़ जाती थी या थम जाती थी। लेकिन अब इसके साथ बेनिफिट बढ़ा दिए गए हैं। मिसाल के तौर पर कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आते ही अशोक चव्हाण को राज्यसभा की सीट मिल गई। आदर्श हाउसिंग घोटाले की जांच में जो राहत मिलेगी वह तो मिलेगी ही लेकिन तत्काल राज्यसभा भी मिल गई। यह भरती योजना शुरू होने से पहले भाजपा में शामिल



हुए आरपीएन सिंह को भी इस योजना का लाभ मिला है और वे भी राज्यसभा की सीट हासिल करने में कामयाब हो गए हैं। तीन महीने पहले कमलनाथ मध्य प्रदेश में कांग्रेस के चुनाव अभियान की कमान संभाल रहे थे और परिवारवाद व भ्रष्टाचार को लेकर माननीय प्रधानमंत्री के वार झेल रहे थे लेकिन वे भी भगवा पटका पहनने को बेकरार बताए जा रहे हैं। उनके खिलाफ सिख विरोधी दंगे चल रहे हैं। भांजे रतुल पुरी के खिलाफ तो आर्थिक अपराध के कई मामले हैं और 660 करोड़ रुपए की घोषित संपत्ति वाले बेटे नकुलनाथ पर भी नजर है। सवाल है कि रोजगार मेला लगा कर थोक में विपक्षी नेताओं की भरती करने का भाजपा का यह अभियान रणनीतिक रूप से कितना कारगर हो सकता है? क्या ऐसा भी हो सकता है कि यह मुक्त भरती योजना उलटी पड़ जाए? क्या इससे राहुल गांधी और कांग्रेस के प्रति लोगों के मन में सहानुभूति भी पैदा हो सकती है? अभी तक तो ऐसा लग रहा है कि भाजपा जीतता हुआ पक्ष है और उसने मुख्य विपक्षी पार्टी को तोड़ कर उसे बहुत कमजोर कर दिया है। इतना ही नहीं एक रणनीति के तहत भाजपा ने विपक्षी गठबंधन की सहयोगी पार्टियों को भी तोड़ा है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# अमन भाईचारा और शांति का पैगाम दे गया बंगाली इस्लामी जलसा

## सपा विधायक अबु असिम आजमी और हाजी इब्राहिम भाईजान एंव संतोष धुंवाली ने की शिरकत

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** हर साल के मुताबिक इस साल भी सांताक्रुज इलाके के गोलीबार में बंगाली इस्लामिक वेलफेयर एसोसिएशन ने इस्लामी जलसा ईद मिलादुन्नबी का आयोजन गोलीबार के 12 नंबर बिल्डिंग के सामने बंगाली इस्लामी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अख्तर वहाब साहब ने आयोजित किया था। इस जलसे में 10 हजार के करीब बंगाली लोगों ने शिरकत की थी इस जलसे में खुसूसी तौर पर मेहमान बंगाल के मौलाना सय्यद रुहुल अमिन अल हुसईन साहब इनको बुलाया गया था. कुरान की तिलावत के साथ में जलसे की शुरूआत की गई हम्द व नाते पाक पढ़ी गई मौलाना साहब ने जलसे में सीरत उन नबी पर बेहतरीन तकरीर की अमन और शांति भाईचारा के साथ आपस में मोहब्बत के साथ जिंदगी गुजारने के बारे में अल्लाह के हुकुम नबी सल्लल्लाहू अलेही वसल्लम के तरीके पर चलने के बारे में लोगों को मार्गदर्शन किया. जलसे में पूरी दुनिया के लोगों में अमन और शांति के बारे में आपस में भाईचारा फैलने के बारे में अल्लाह के हुक्म पर और नबी करीम सल्लल्लाहो सल्लम के तरीके पर चलने के बारे मे अल्लाह की बारगाह में दुवाई की गई खूसूसन फिलिस्तीन के लोगों के लिए भी मगफिरत की दुवाई की गई।



इस जलसे में समाजवादी पार्टी केमहाराष्ट्र अध्यक्ष एंव विधायक अबू आसिम आजमि, और कॉँग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता महाराष्ट्र हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हाजी इब्राहिम भाईजान एंव एनसीपी अजीत पवार गुट के नेता संतोष धुंवाली, निर्मल नगर पोलीस स्टेशन के पोलीस निरिक्षक एस एल तुरे साहेब, पोलीस निरिक्षक गोरे साहेब,एंव मुंबई एनसीपी अजीत पवार गट के सचिव अब्दुल गफफारखान, नवाब मलिक विचार मंच के अध्यक्ष मुकलेस मुस्तफा कादरी इन नेताओंने भी जलसे में मौलाना की तकरीर सुनने के लिए शिरकत की।

इस वक्त जलसे के आखिर में मुंबई के समाजसेवक लोगों का और राजनीतिक लोगों का शॉल और बुके देकर सत्कार किया गया जिसमें समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आसिम आजमी कांग्रेस के लीडर हज कमेटी के माजी अध्यक्ष इब्राहिम भाईजान, निर्मल नगर पोलीस स्टेशन के पोलीस निरिक्षक एस एल तुरे साहेब, पोलीस निरिक्षक गोरे साहेब एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संतोष धुंवाली एंव मुंबई एनसीपी अजीत पवार गट के सचिव अब्दुल गफफारखान, नवाब मलिक विचार मंच के अध्यक्ष मुकलेस मुस्तफा कादरी इन मुख्य अतिथि थे. सभी अतिथियों का बंगाली इस्लामिक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अख्तर वहाब भाई ने शाल और बुके देकर सत्कार करके सम्मानित किया।

इस वक्त सांताक्रुज इलाके के भी समाजसेवक लोगो का जिसमे मे सहयोग सामाजिक संस्था के चेयरमैन एवं समाजवादी पार्टी मुंबई मिडिया प्रभारी सलाम इस्लाम खान, ऑल इंडिया वर्कर्स कांग्रेस कमेटी महाराष्ट्र महासचिव एवं मुंबई अध्यक्ष पत्रकार जफर सिद्दीकी वरिष्ठ जर्नालिस्ट इमरान शेख, पैरामाउंट सोसाइटी अध्यक्ष अनीस सौदागर साहब, ऑल इंडिया वर्कर्स कॉँग्रेस कमिटी उत्तर मध्य जिला अध्यक्ष उसमान खान उर्फ लाला, कुरेशी जमात के पूर्व अध्यक्ष जफर कुरेशी, सलीम सोशल फाउंडेशन के अध्यक्ष सलीम खान, सलीम शेख, राष्ट्रवादी के अकबर गफफार शेख इन सब का स्टेज पर शाल बुके देकर बंगाली इस्लामी वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अख्तर वहाब शेख साहब ने सत्कार किया बहुत सारे लोगों का शाल और बुके देकर बंगाली इस्लामी वेलफेयर असोसिएशन के अध्यक्ष सम्मानीय अख्तर वहाब साहब इन्होंने तमाम सोशल वर्कर लोगों का और पुलिस विभाग के कर्मचारियों का शॉल और बुके देकर सत्कार किया कार्यक्रम की कामयाबी के लिए अख्तर वहाब साहब और उनके साथियों ने बहुत कुर्बानी दी जलसा की आखिर में दुआएं मांगी गई और सभी लोगों के लिए खाने का इंतजाम किया गया था जलसे में सूत्रसंचालन सलीम शेख ने किया. इस जलसे को कामियाबी के लिए समाजवादी पार्टी के सलाम इस्लामखान, सलीम शेख, जफरसिदद्दीकी, उसमान लाला, जावेद मुन्ना, अमिरखान, मंजुरुल इस्लाम,लकीभाई, अजीम भाई, मिंटूभाई, नूर भाई, अब्दुर रहमान, राजू भाई, अन्सार भाई, हसनभाई शम्सू भाई, काजी शमसुल हक, अल्फाज शेख, फुलभाई, साथियों ने जलसे की कामयाबी के लिए काफी मेहनत की।

# 394 वी छत्रपती शिवाजी महाराज जी की जयंती मनाई गई

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** रयतेचे जाणते राजे, हिंदवी स्वराज्याचे संस्थापक छत्रपती शिवाजी महाराज जी का जन्म 19 फरवरी 1630 शिवनेरी किला, कुसूर, महाराष्ट्र राज्य में हुआ ये 394 वी जयंती मनाई गई 19 फरवरी 2024 सोमवार के दिन, छत्रपती शिवाजी महाराज जी की जयंती के शुभ अवसर पर फूल अर्पण का कार्यक्रम अयोजित किया गया और आये हुए सभी मेहमानो ने जयंती पर फूल अर्पण किये कार्यक्रम एससीएलआर फ्लाईओवर के नीचे एल बी एस मार्ग कुर्ला बिट चौकी नंबर 2 आणि 4 कुर्ला वाहतुक चौकी के सामने कुर्ला (पश्चिम) मुंबई 70 इस कार्यक्रम को आयोजित किया कुछ समाजसेवकों ने मिलकार




मो. शोएब खान,सुखबिंदर सिंह (लाला भाई) सतगुरु इंटरप्राइजेज, अजय कुमार यादव, इस्लाम खान, उस्मान खान, निसार अहमद खान, चौहान दया, तौसीफ सिद्दीकी, अमीर हसन शेख, यूसुफ शेख,उमेश साल्वी, मजहर अब्बास, कलाम शेख,कुदरतुल्लाह खान, चंदन भाई, कुर्ला वाहतुक विभाग ढरकसुभाष भोसले,हवलदार दत्ता दानवी, संजय जाधव, राकेश ठाकुर और बहुत से लोगो ने भी इस कार्यक्रम का हिसा बने।

# सैयद विश्व रत्न सम्मान से सम्मानित

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**लखनऊ।** वर्थ वेलनेस फाउंडेशन लखनऊ उत्तरप्रदेश संस्थापक - मानसी बाजपेयी जी ने मध्यप्रदेश के इंदौर संभाग,धार जिले के बाकानेर के सैयद रिजवान अली साहब को 18/02/2024 को निष्पक्ष पत्रकारिता समाजसेवा के लिए विश्व रत्न सम्मान से नवाजा सैयद साहब को दिली मुबारक बाद, बधाई, शुभकामनाए।




## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### मराठा समुदाय को 10% आरक्षण

रिपोर्ट में मराठा समुदाय को दस फीसदी आरक्षण देने की सिफारिश की गई है। कुछ ही देर में विशेष सत्र में मराठा आरक्षण बिल पेश किया जाएगा। हाल ही में महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा आयोग के मुख्य न्यायाधीश शुक्रे ने मराठा समुदाय की सामाजिक और वित्तीय स्थिति पर आयोग की सर्वेक्षण रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी थी। पिछले महीने सीएम शिंदे ने ऐलान किया था कि जब तक मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता है, तब तक उन्हें ओबीसी को मिल रहे सभी लाभ मिलेंगे। इस संबंध में राज्य सरकार ने एक मसौदा अधिसूचना भी जारी की है, जिसमें कहा गया कि अगर किसी मराठा व्यक्ति के रक्त संबंधी के पास यह दशार्ने के लिये रिकॉर्ड है कि वह कृषक कुनबी समुदाय का है, तो उसे भी कुनबी के रूप में मान्यता दी जाएगी। कृषक समुदाय ह्यकुनबीह्ण ओबीसी के अंतर्गत आता है और जरांगे भी सभी मराठों के लिए कुनबी प्रमाणपत्र मांग रहे है। जिससे सभी मराठों को राज्य में ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण मिल सके। गौरतलब हो कि महाराष्ट्र सरकार ने 2018 में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग के लिए महाराष्ट्र राज्य आरक्षण अधिनियम लागू किया था जिसमें मराठा समुदाय को शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण देने का प्रावधान था। हालांकि, इसे बॉम्बे हाईकोर्ट ने सही ठहराया था। लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया।

### अशोक चव्हाण के बाद संजय निरुपम देंगे झटका!

उस के बाद यह तस्वीर साफ हो गई है कि कांग्रेस की तरफ से इस सीट पर चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले संजय निरुपम अब पाला बदल सकते हैं। क्योंकि शिवसेना यूबीटी ने यह सीट कांग्रेस के पास नहीं जाने दी है। इस पर खींचतान चल रही थी। 12 फरवरी का दिन कांग्रेस के लिए एक बुरी खबर लेकर आया, जब कांग्रेस के दिग्गज नेता अशोक चव्हाण ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया और अगले दिन भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। अशोक को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से राज्यसभा उम्मीदवार बनाया गया है। चव्हाण से पहले कांग्रेस को दो बड़े झटके लगे थे। मिलिंद देवड़ा ने शिवसेना (शिंदे) का दामन थाम लिया। वहीं बाबा सिद्दीकी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का दामन थामते हुए नजर आए। कांग्रेस को लगातार एक के बाद एक तीन बड़े झटके महाराष्ट्र की राजनीति में लग चुके हैं और आने वाले वक्त में कांग्रेस को एक और तगड़ा झटका लग सकता है इस बात की संभावना राजनीतिक हलकों में तेजी से हो रही है। उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस और शिवसेना यूबीटी के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही थी और अब जब शिवसेना की तरफ से समन्वय के नाम की घोषणा कर दी गई है तो इससे यह साफ हो गया है कि कांग्रेस उत्तर पश्चिम सीट हासिल करने में नाकामयाब साबित हुई है। ये संजय निरुपम के नाराजगी की बड़ी वजह बन सकता है। हालांकि संजय निरुपम ने अशोक चव्हाण के कांग्रेस छोड़ने के वक्त बयान जारी किया था और यह बताया था कि वह महाराष्ट्र के एक बड़े नेता के व्यवहार से काफी नाराज थे और इसी वजह से उन्होंने पार्टी से दूरी बना ली और इस्तीफा तक दे दिया। हालांकि संजय निरुपम ने खुद कांग्रेस छोड़ने की खबरों पर उस समय पूर्ण विराम लगा दिया था और उसे कोरी अफवाह बताया था।

### नवी मुंबई में नकली सोने के सिक्के बेचकर 5 लाख रुपये की ठगी

ठगी का अहसास होने के बाद पीड़ित ने मुंब्रा पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने मामले को नवी मुंबई की खारघर पुलिस को स्थानांतरित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि खारघर पुलिस ने सोमवार को मां-बेटे और एक अन्य आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक विश्वासघात) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया।

## संदेशखाली पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# संसद की विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही पर लगाई रोक

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



भाजपा सांसद सुकांत मजूमदार की शिकायत पर लोकसभा सचिवालय की विशेषाधिकार समिति ने पश्चिम बंगाल के कुछ अधिकारियों को नोटिस जारी किया था। इसी मामले में राज्य सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिस पर शीर्ष अदालत ने समिति की कार्यवाही पर रोक लगा दिया। राज्य के अधिकारियों की ओर से अदालत में वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी पेश हुए। सिब्बल ने कहा कि राजनीतिक गतिविधियां विशेषाधिकार का हिस्सा नहीं हो सकती हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं की दलीलों का संज्ञान लिया और सोमवार सुबह साढ़े दस बजे पेश होने के लिए जारी नोटिसों पर रोक लगा दी।

### चार सप्ताह में जवाब दें

पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार को लोकसभा सचिवालय की आचार समिति ने सोमवार को पेश होने के लिए समन जारी किया था। पीठ ने लोकसभा सचिवालय और अन्य को नोटिस जारी किया और चार सप्ताह के भीतर उनसे जवाब मांगा और इस बीच निचले सदन की समिति के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगा दी। सांसदों से दुर्व्यवहार के मामले में शिकायत मिलने पर लोकसभा सचिवालय की विशेषाधिकार आचार समिति ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और संबंधित जिले के डीएम एसपी और थानाध्यक्ष को समन जारी कर 19 फरवरी को पेश होने का आदेश दिया था।

### यह एक नियमित प्रक्रिया

आचार समिति के वकील ने शीर्ष अदालत द्वारा नोटिस पर रोक लगाए जाने का विरोध किया और कहा कि यह विशेषाधिकार समिति की पहली बैठक है। अधिकारियों पर किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया गया है। यह एक नियमित प्रक्रिया है। एक बार जब कोई सांसद नोटिस भेजता है और विधानसभा अध्यक्ष सोचते हैं कि मामले में आगे जांच की जा सकती है तो नोटिस जारी किए जाते हैं।

## एस जयशंकर ने म्यूनिख में फिलिस्तीन के विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी से की मुलाकात और कहा

# भारत कई दशकों से फिलिस्तीन मुद्दे के 'दो राज्य समाधान' के पक्ष में, यही रुख कायम

मानवीय कानून का पालन करना इजराइल का अंतरराष्ट्रीय दायित्व


जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत कई दशकों से फिलिस्तीन मुद्दे के दो-राज्य समाधान पर जोर दे रहा है। बल्कि इसे पहले की तुलना में अधिक जरूरी मान रहा है।

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने रविवार को म्यूनिख में फिलिस्तीन के विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी से मुलाकात की और गाजा की स्थिति पर चर्चा की।

जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 16 से 18 फरवरी तक आयोजित किया गया। सम्मेलन ने फरवरी 2024 में सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा के लिए दुनिया भर के वरिष्ठ निर्णय निर्माताओं और विचारकों को इकट्ठा किया है।

### इजराइल नागरिक हताहतों के प्रति सचेत रहे



### गाजा की मौजूदा स्थिति पर चर्चा

जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि फिलिस्तीनी मंत्री रियाद अल-मलिकी को देखकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि गाजा की मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कहा कि भारत कई दशकों से फिलिस्तीन मुद्दे के दो-राज्य समाधान पर जोर दे रहा है। जयशंकर ने रेखांकित किया कि बढ़ती संख्या में देश अब न केवल फिलिस्तीन मुद्दे के दो-राज्य समाधान का समर्थन कर रहे हैं। बल्कि इसे पहले की तुलना में अधिक जरूरी मान रहे हैं।

### हमास ने किए आतंकवादी हमले

एस जयशंकर ने पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइली शहरों पर किए गए हमलों को "आतंकवाद" बताया। उन्होंने कहा कि मानवीय कानून का पालन करना इजराइल का अंतरराष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि इजराइल को नागरिक हताहतों के प्रति बहुत सचेत रहना चाहिए था।

### म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में लिया भाग

विदेश मंत्री इस समय प्रतिष्ठित सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए जर्मनी के म्यूनिख में हैं। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 2024 दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा चुनौतियों पर उच्च स्तरीय बहस के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। बता दें कि तीन दिन का म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 18 फरवरी तक आयोजित किया गया। इस वर्ष का सम्मेलन पूर्व अमेरिकी राजदूत क्रिस्टोफ़ क्रिस्टोफ़ हेस्जेन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था।

### 1963 में आयोजित हुआ था पहला सम्मेलन

*बता दें, यह सम्मेलन पहली बार 1963 में आयोजित किया गया था और तब से यह अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक बन गया है। यह सम्मेलन म्यूनिख, जर्मनी में होता है और आम तौर पर राज्य के प्रमुखों, रक्षा मंत्रियों, विदेश मंत्रियों और अन्य प्रभावशाली लोग इसमें भाग लेते हैं। वाल्ड वॉन क्लिस्ट द्वारा इसकी स्थापना के छह दशक बाद, एमएससी ने फरवरी 2024 में सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा के लिए दुनिया भर के वरिष्ठ निर्णय निर्माताओं और विचारकों को इकट्ठा किया है।*

# मिथुन, रिक्की केज, मो. फैज, निर्माता मुकेश पारिख की पहली इंडो हॉलीवुड म्यूजिकल फिल्म 'मिलेनेयर्स ऑफ लव' की घोषणा पर रहे उपस्थित

मुंबई हलचल / संवाददाता

**पहली** इंडो हॉलीवुड म्यूजिकल फिल्म 'मिलेनेयर्स ऑफ लव' की घोषणा आज मुम्बई के पीवीआर सिनेमा में की गई। अमेरिका के लेखक निमार्ता मुकेश पारिख की इस फिल्म के सह निमार्ता सोमेंद्र हर्ष हैं। दो बार फिल्मफेयर अवार्ड विनर संगीतकार मिथुन ने इसका संगीत दिया है और तीन बार ग्रामी विनर रिक्की केज गेस्ट कम्पोजर हैं। इस ऑफिशियल घोषणा के अवसर पर निमार्ता मुकेश पारिख, सह निमार्ता सोमेंद्र हर्ष, मिथुन, रिक्की केज और अतिथि के रूप में एक्टर अनूप सोनी उपस्थित थे। इस फिल्म के लिए सईद कादरी ने गीत लिखे हैं और मोहम्मद फैज ने एक गीत गाया है। यहां सभी को परंपरागत पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। फिल्म इस बारे में है कि सपने देखना कभी मत छोड़ें। सत्य घटना पर आधारित यह फिल्म राजस्थान की कहानी है। प्रोड्यूसर मुकेश पारिख की एक शार्ट फिल्म कान्स फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई और कई पुरुस्कार भी मिले हैं। इस इंडो हॉलीवुड प्रोजेक्ट के बारे में उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट शक्तियों का मेला है। मैंने काफी रिसर्च करके यह स्टोरी लिखी है। सच्चे इवेंट्स पर आधारित फिल्म में ब्यूटीफुल लव स्टोरी है। कुछ दिन पहले मैं भारत आया और यशराज स्टूडियो आदि में गाने की रिकॉर्डिंग की। सईद कादरी को मैं अल्फाज का बादशाह कहता हूं और मिथुन का म्युजिक तो कमाल का रहता है। यह एक बहुत ही प्यारी लव स्टोरी है। राजस्थान मेरा पसंदीदा राज्य रहा है, वहां की सच्ची कहानी को प्रस्तुत करना मुझे पसन्द आया। म्युजिक की कोई भाषा नहीं होती। राजस्थान के लोकगीत और वेस्टर्न म्युजिक की सिम्फोनी कमाल की होगी। फिल्म के को प्रोड्यूसर सौमेन्द्र हर्ष ने सभी टीम का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि हम सभी राजस्थान से जुड़े हुए हैं। हमने



काफी रिसर्च किया, यह पहला राजस्थान का प्रोजेक्ट है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बन रहा है। मुझे गर्व है कि यूएस और राजस्थान मिलकर यह प्रोजेक्ट बना रहे हैं। इससे रीजनल सिनेमा को बढ़ावा मिलेगा। आशिकी 2 और कबीर सिंह के संगीतकार मिथुन ने बताया कि संगीत भारतीय सिनेमा में जरूरी रहा है। मैं अपने देश की मिट्टी के लिए, संगीत के लिए कुछ करना चाहता हूं। यह कहानी संगीत के माध्यम से कही जाने वाली है। संगीत के प्रति मुकेश जी का हौसला देखने लायक है। संगीत के माध्यम से वह स्टोरी बताना चाहते हैं।राजस्थान की उस कम्युनिटी का संगीत मैंने खूब सुना, जिससे इंस्पायर होकर यह कहानी बन रही है। मुझे मुकेश जी का दर्शन पसन्द आया। मुझे लगा कि यह सही समय है इस फिल्म से जुड़ने के लिए और मैं खुश हूं इसके लिए संगीत कंपोज करके। रिक्की केज ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में काम करना मेरे लिए गर्व की बात रही। मिथुन भारत मे मोस्ट प्रतिभशाली संगीतकार हैं। लगान जैसी फिल्मों का संगीत जड़ो से जुड़ा हुआ था इसलिए उन्हें विश्व भर में पहचान मिली। इस फिल्म का संगीत भी भारतीय जड़ों से जुड़ा हुआ है। शब्दो के बादशाह सईद कादरी ने बताया कि यह फिल्म मेरे लिए अपनी मिट्टी के कर्ज को चुकाने का जरिया है। मैं राजस्थान में जन्मा हूँ, मैं उसी प्यासी जमीन से आया हूँ इसलिए मेरे दिल मे एक हूक है जहां मैं अपनी मिट्टी की बात कह सकता हूँ। अनूप सोनी ने कहा कि मैं जयपुर का रहने वाला हूँ, स्कूल कॉलेज की पढ़ाई से लेकर रंगमंच की शुरूआत जयपुर में हुई। राजस्थान का कल्चर बहुत रिच है। जहां के आप होते हैं वहां से एक गहरा नाता रहता है। मैं जयपुर में एक साल पहले मुकेश जी से मिला, कहानी और म्युजिक के बारे में सुना और मेरे पास उनका मेल आया तो मैंने पूरी स्क्रिप्ट पढ़ी और हां कर दिया।

- सरकार कंपनी की तरफ से स्पष्ट जवाब का इंतजार कर रही
- एप्पल ने दिए संदेश में नेताओं को एलर्ट किया था

## विपक्षी दलों के नेताओं को पांच माह पहले भेजे गए थे हैकिंग अलर्ट

# आईफोन के हैकिंग अलर्ट पर एप्पल का जवाब पूरी तरह साफ नहीं : चंद्रशेखर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को आईफोन विनिर्माता एप्पल की तरफ से पांच महीने पहले भेजे गए हैकिंग संबंधी अलर्ट पर अभी भी कंपनी की तरफ से स्पष्ट जवाब का इंतजार कर रही है।

एप्पल ने इस संदेश में विपक्षी नेताओं को आगाह किया था कि कथित तौर पर सरकार-समर्थित हैकर उनके फोन की हैकिंग के प्रयास कर रहे हैं। इस पर सरकार की तरफ से एप्पल से कुछ स्पष्टीकरण मांगा गया था।

### एप्पल से पूछे गए दो सवाल

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बातचीत में कहा कि सरकार ने एप्पल से दो सवाल पूछे हैं। पहला सवाल उनके उपकरणों के सुरक्षित होने से संबंधित है जबकि दूसरा सवाल विपक्षी सदस्यों को अलर्ट भेजने की वजह से जुड़ा है।



### क्या कंपनी का फोन असुरक्षित है

चंद्रशेखर ने कहा, 'मेरी राय में यह ऐसी बात नहीं है जिसे कोई भी मंच कमजोरियां होने पर भी पूरी तरह से स्वीकार करेगा। किसी भी मंच में इस बात से इनकार करने की प्रवृत्ति होती है कि उनके सुरक्षा कवच को भेदा जा सकता है।' चंद्रशेखर ने कहा, 'हम कंपनी से एक स्पष्ट सवाल पूछ रहे हैं कि क्या आपका फोन असुरक्षित है? इसका जवाब पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है।'



### जवाब एप्पल को देना है क्योंकि फोन उनका है

शिवसेना (उद्धव गुट) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा, एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के कुछ सहयोगियों को भी इस तरह की सूचना मिली थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, जब ये आरोप लगाए गए थे, उसी दिन हमने स्पष्ट तौर पर कहा था कि इसका जवाब एप्पल को देना है क्योंकि इसमें उनका फोन शामिल है।

### सरकार के पास शोध व विकास क्षमता नहीं

हमारे पास यह समझने के लिए सरकार में शोध एवं विकास क्षमता नहीं है कि उसके ऑपरेटिंग सिस्टम आईओएस में क्या है और क्या नहीं है। इसके साथ ही चंद्रशेखर ने कहा कि कंप्यूटर सुरक्षा संबंधी घटनाओं के घटित होने पर प्रतिक्रिया देने के लिए गठित राष्ट्रीय नोडल एजेंसी सर्ट-इन (इंडियन कंप्यूटर एमरजेंसी रिस्पांस टीम) ने कंपनी को इस जांच में एक पक्ष बनाया है।

### फोन को नियंत्रित करने व हैकिंग की चेतावनी दी गई

अक्टूबर में विपक्षी दलों के कई नेताओं ने दावा किया था कि उन्हें एप्पल से एक अलर्ट मिला है जिसमें राज्य-प्रायोजित हमलावरों द्वारा उनके आईफोन को दूर से ही नियंत्रित करने की कोशिश और सरकार की तरफ से कथित हैकिंग की चेतावनी दी गई।

### दावा करने वाले नेता

एप्पल की तरफ से यह अलर्ट पाने का दावा करने वाले नेताओं में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता शशि थरूर, पवन खेड़ा, के सी वेणुगोपाल, सुप्रिया श्रीनेत, टी एस सिंहदेव और भूपिंदर एस हुडा शामिल हैं। इनके अलावा तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी हैकिंग अलर्ट मिलने की बात कही थी।

*एप्पल से ईमेल का नहीं मिला कोई जवाब : इस संबंध में एप्पल को पक्ष रखने के लिए भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। इस बीच चंद्रशेखर ने इन आरोपों को नकार दिया कि सरकार किसी भी तरह से लोगों की गोपनीयता का उल्लंघन करने या भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को खत्म करने की कोशिश कर रही है।*

# राजस्थान जिला जेल अधिकारियों की बुरी आदत हैं कि छुटती नहीं – तोमर

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान!** राजस्थान प्रदेश मे लगभग सभी जिलों मे सेन्ट्रल जेल, जिला जेल या उप जिला जेल स्थिति है जिनमे हजारों की संख्या में कैदी एवं विचाराधीन बन्दी इन जेलों मे निरुद्ध है और इनसे मिलने यहाँ हर रोज हजारों बन्दी परिजन व उनके अधिवक्ता आते है, जेल प्रवास के दौरान जेल बंदियों को जेल मे या उनसे मिलने वालों को कई बार समस्याओं तथा अनियमितताओं का सामना करना पड़ता है, ऐसे मे यदि कोई बन्दी या उनका परिजन संबन्धित जेल अधिकारियों को कोई शिकायत या सुझाव पत्र देना चाहता है तो उसे पहले तो लिया ही नहीं जाता और अगर ले लिया जाता है तो उसे लेकर जेल अधिकारी बन्दी या उनके परिजनों या अधिवक्ताओं को कोई प्रॉपर रिसीविंग या डाक डायरी डिस्पैच नम्बर नही देते है, बंदियों को जरूरत पर मांगने पर



जेल मे कागज और पैन भी नहीं दिया जाता है! ताकि वह शिकायत आदि लिख सकें, उपरोक्त सभी बातें आज हिंदुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मनवाधिकार रक्षक कार्यकर्ता दिल्ली हाईकोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्र सिंह तोमर राजा भईया ने प्रेस नोट व शिकायत पत्र की प्रतियां जारी कर संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि इस बाबत उन्होंने राज्य मनवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, डीजी जेल एवं प्रमुख शासन सचिव कार्मिक विभाग राजस्थान सरकार को लिखते हुए की है, एडवोकेट तोमर ने बताया कि कार्मिक विभाग भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा इस बाबत स्पष्ट आदेश है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी सरकारी अधिकारी को कोई भी शिकायत देने पर वह उसे उसकी प्रॉपर रिसीविंग प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर, मोहर एवं डाक प्राप्ति के डायरी नम्बर सहित देगा, चाहे वह जेल बन्दी ही क्यों ना हों, परन्तु प्रदेश की ज्यादातर जेलों मे ऐसा नहीं किया जाता है, डाक प्राप्त डायरी मे दर्ज करना तो दूर उन्हें शिकायत पत्र की प्रॉपर रिशीविंग तक नहीं दी जाती जिससे की बन्दीयों या उनके परिजनों के पास उनके द्वारा दी गई शिकयतो का कोई सबूत रह सके और ऐसा करना बंदियों व आम जन के संबैधानिक एवं मनवाधिकारों का भी उलंघन है! अब देखना होगा कि राजा भईया की इस शिकायत पर कब तक और क्या क्या कार्यवाहीयाँ संबन्धित अधिकारियों द्वारा की जाती है! उक्त जानकारी एडवोकेट राजेन्द्र सिंह तोमर ने संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी है।

# पत्रकारों के हितार्थ कृत-संकल्पित हैं प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट – पांडेय

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान!** यूं तो देश में पत्रकारों की सुरक्षा के हितों के मद्देनजर कई संगठन कार्यरत हैं! मगर बहुत से संगठनों का व्यवसायिकरण होकर कागजों में अपनी शोभा बढ़ा रहे हैं। जिनमें अधिकांश संगठनों को धरातल पर कम बल्कि पत्रकारों से शुल्क वसूलकर निष्क्रियता के रुप में देखा जा सकता हैं। लेकिन कुछ संगठन है जो सरकार से पंजीकृत होकर पत्रकारों की सुरक्षा में हर पल



खड़े रहने के साथ साथ राष्ट्रहित के मुद्दे पर भी सकारात्मक भूमिका निभाते हुए चर्चा में बने रहते हैं। जी हां हम बात कर रहे हैं सरकार से रजिस्टर्ड प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट की, जो ना केवल हर समय पत्रकारों के हितों में तत्पर रहता हैं बल्कि जहां राष्ट्रहित की बात आ जाए तो वहाँ पर इसके संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र कुमार पांडेय चट्टान की भांति अडिग रहते हैं! गौरतलब हैं कि प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मुद्दों को उठाकर भारत सरकार का ध्यान आकर्षित किया हैं। जिनमें मुख्यतः राष्ट्रपति भवन में गार्डन का नाम बदलवाना, लव जिहाद पर कानून लागू कराने के लिए भारत सरकार से मांग करना, 22 जनवरी को राम मन्दिर उद्घाटन पर राष्ट्रीय पर्व घोषित करवाना, महाराष्ट्र के गोरेगाव आरे कालोनी में 200 आदिवासियों के तुड़वाने की कार्यवाई में हस्तक्षेप करके रुकवाना एवं काफी समय से पत्रकारों की सुरक्षा पर कानून लागू करवाने के लिए निरंतर संघर्षशील है!

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

उत्तराखंड हलचल

# धामी सरकार को केंद्र से मिले 720 करोड़, इन कामों में होगा इस्तेमाल

मुंबई हलचल/संवाददाता

**देहरादून।** पुष्कर सिंह धामी सरकार एक बार फिर डबल इंजन के बूते विकास और निर्माण कार्यों की गति तेज कर सकेगी। केंद्र सरकार ने 720 करोड़ की वित्तीय सहायता राज्य की झोली में डाली है। इसमें से 125 करोड़ की राशि शहरी निकायों और 36 करोड़ रुपये शहरी नियोजन में किए जा रहे सुधारों के लिए दिए गए हैं। प्रदेश में अवस्थापना सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार को केंद्र ने अतिरिक्त सहायता दी है। स्कीम फार स्पेशल असिस्टेंट टू स्टेट्स फार कैपिटल इन्वेस्टमेंट के भाग-एक के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 559 करोड़ की राशि को स्वीकृति दी है। साथ ही इस संबंध में केंद्र सरकार को प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा गया है। केंद्र सरकार का पत्र मिलते ही वित्त अपर सचिव सी रविशंकर ने सोमवार को सभी अपर



मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों एवं सचिवों को पत्र जारी कर विभागों से प्रस्ताव मांगे हैं। पांच करोड़ या इससे अधिक लागत के ऐसे नए और चालू पूंजीगत कार्यों के लिए प्रस्ताव मांगे गए हैं, जिनमें 31 मार्च, 2024 तक उपयोगिता प्रमाणपत्र देना संभव हो। इसी योजना के भाग-तीन और चार के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि के लिए भी प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। स्कीम फार स्पेशल असिस्टेंट टू स्टेट्स फार कैपिटल इन्वेस्टमेंट भाग-तीन के अंतर्गत सेंटर इंस्टीट्यूट फार केमिकल एंड पेट्रोकेमिकल टेक्नोलाजी, डोईवाला में अवस्थापना विकास को 27 करोड़ एवं शौर्य स्थल के निर्माण के लिए नौ करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। योजना के भाग-चार के अंतर्गत प्रदेश में पूंजीगत कार्यों से संबंधित 12 योजनाओं के लिए 125 करोड़ की राशि को स्वीकृति मिली है। केंद्र की इस वित्तीय सहायता से धामी सरकार अपनी विकास योजनाओं को समय पर पूरा कर सकेगी। इनके लिए वित्तीय संकट नहीं झेलना पड़ेगा।

# जिलाधिकारी ने ऋषिपर्णा सभागार में कलेक्ट्रेट परिसर उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को मतदाता शपथ दिलाई गई

मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज

**देहरादून।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार में कलेक्ट्रेट परिसर उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर मतदाता जागरूकता हेतु गतिविधि आयोजित करने तथा अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने पर बल दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने जनपद के सभी व्यस्क नागरिकों से अनुरोध किया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाएं तथा अपनी सरकार चुनते हुए लोकतंत्र को मजबूत करें। विशेषकर नये वोटर्स को मतदान करने तथा मतदान के लिए अपने मित्रों, परिजनों, आसपास के लोगों सहित अन्य को भी प्रेरित करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना



कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, पुलिस अधीक्षक क्राईम सर्वेश पंवार, उप जिलाधिकारी सदर हरिगिरी गोस्वामी, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, अधि0अभि0 लोनिवि जितेन्द्र त्रिपाठी, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, जिला पंचायतीराज अधिकारी विद्याधर सोमनाल सहित समस्त सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं की सफलता के लिए हवन यज्ञ का आयोजन

मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज

**हरिद्वार।** आदर्श बाल सदन इंटर कॉलेज बहादरपुर जट में उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले हाई स्कूल और इंटरमीडिएट कक्षा के छात्र-छात्राओं की सफलता के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया विद्यालय के अध्यापक अध्यापको और छात्राओं ने हवन यज्ञ कर परीक्षा में सफलता की कामना की इस अवसर पर प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू हो रही है परीक्षा में हर वर्ष आदर्श



बाल सदन इंटर कॉलेज बहादुरपुर जट्ट का परीक्षा परिणाम अच्छा रहता है हम ईश्वर से प्रार्थना करते ही कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में भाग लेने वाले छात्रों अच्छे अंकों से सफल हो और विश्वास व्यक्त करते हैं कि उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में आदर्श बाल सदन इंटर कॉलेज बहादुरपुर जट्ट के विद्यार्थी उत्तराखण्ड की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाएंगे इस अवसर पर की सतीश शास्त्री विकास यादव अमित चौहान अनुपमा चौहान सुदेश चौहान सुरेंद्र सिंह शाहिद अली अजय यादव सुभाष चौहान आदि अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे।

## रात 10:00 बजे के बाद डीजे बजा तो होगी कड़ी कार्रवाई



मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज

**लक्सर हरिद्वार।** आगामी बच्चों के बोर्ड परीक्षा पेपर के दृष्टिगत हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के निदेश पर लक्सर कोतवाली में पुलिस ने क्षेत्र के डीजे बजाने वाले और बारात घर के संचालको के साथ बैठक कर माननीय न्यायालय के निर्देश अनुसार वाद यंत्रो का प्रयोग करने के लिए उन्हें निर्देशित किया गया। वही माननीय न्यायालय द्वारा जारी दिशा निदेशों का पालन न करने वाले और नियम से अधिक रात भर डीजे बजाने वाले संचालको और बरात घर के संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई।

## लक्सर पुलिस ने एक बाइक चोर गिरोह के सदस्यों को किया गिरफ्तार




मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज

**लक्सर हरिद्वार।** लक्सर कोतवाली पुलिस की टीम ने बाइक चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की दो बाइके सहित मंदिर से चुराया गया एक पीतल का घण्टा भी बरामद किया है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ बताया कि उसने कुछ दिन पूर्व क्षेत्र के भिक्कमपुर और सुल्तानपुर से बाइको को चोरी किया था और वही एक मंदिर से एक पीतल के घण्टे को भी चोरी किया। शातिर आरोपी सोनू उर्फ उमंग वर्मा हाल ही में गंगनहर कोतवाली के सुभाष नगर में किराए के मकान में रहता है। पुलिस ने आरोपी सोनू उर्फ उमंग के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस टीम में एएसआई मनोज गैरोला, एसआई लोकपाल परमार, कांस्टेबल हिमांशु चौधरी, कांस्टेबल अनूप पोखरियाल सहित कांस्टेबल जितेंद्र नेगी आदि शामिल रहे।

## बनभूलपुरा क्षेत्र में आज से कर्फ्यू खत्म

मुंबई हलचल/संवाददाता

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में अब हालात सुधरने लगे हैं। एक बार फिर प्रशासन का राज कायम हो गया है। उपद्रवियों को एक-एक कर गिरफ्तार किया जा रहा है। हालात सामान्य होने लगे हैं। मौजूदा हालात को देखते हुए नैनीताल जिलाधिकारी ने बनभूलपुरा क्षेत्र में आज से कर्फ्यू खत्म करने का आदेश भी जारी कर दिया है। बनभूलपुरा क्षेत्र में हुए बवाल के मामले में पुलिस ने दो नामजद समेत 10 और उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही गिरफ्तार किए गए उपद्रवियों की संख्या 68 हो गई है। हालांकि, मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक अभी तक पुलिस के हाथ नहीं लगा है। बनभूलपुरा में हुए उपद्रव के बाद से बंद पड़ा इंदिरानगर खनन गेट मंगलवार से खुल जाएगा। प्रशासन से मिली लिस्ट के सत्यापन के बाद वन निगम ने उपद्रवियों के 26 वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया है। इनका खनन पंजीकरण भी फिलहाल निरस्त कर दिया गया है। आठ फरवरी को सरकारी भूमि पर बने अवैध मदरसे और अवैध नमाजस्थल को तोड़ने के दौरान भीड़ ने पत्थरबाजी और आगजनी कर दी थी। जिसके बाद बनभूलपुरा में कर्फ्यू लगाना पड़ा। गौला का खनन कारोबार भी बंद हो गया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ये हैं थाइरॉयड के संकेत, इन्हें न करें नजरअंदाज

थाइरॉयड हमारी बॉडी में पाई जाने वाली एंडोक्राइन ग्लैंड में से एक होती है। गले में मौजूद यह ग्लैंड थाइरॉक्सिन हॉर्मोन बनाती है, जो कई तरह से बॉडी फंक्शन्स पर असर डालती है। इससे ग्रस्त मरीज को हर रोज दवा का सेवन करना पड़ता है। अगर दवा बीच में छूट जाए तो इससे कई तरह की समस्याएं हो सकती है। वैसे तो थाइरॉयड कई हफ्ते पहले ही संकेत देने लगता है, लेकिन कुछ लोग इसे



नजरअंदाज कर देते है जो धीरे-धीरे बीमारी का रूप ले लेता है। बेहतर है कि थाइरॉयड के शुरूआती लक्षणों को पहचाना जाए और उसका समय पर इलाज किया जाएं।

1. वजन बढ़ना या घटना
अगर आपका वजन अचानक से बढ़ने लगे या बिल्कुल ही घट जाए तो आपको हाइपोथॉइराइडिज्म की शिकायत हो सकती है। इसलिए इस संकेत को हल्के में न लें और तुरंत डॉक्टर का सलाह लें।

2. चुभन और दर्द
थाइरॉयड प्रॉब्लम होने पर ग्ले में सूजन आ जाती है। इसके अलावा सुई की चुभन जैसा हल्का सा दर्द बना रहता है। अगर आपको भी ऐसे लक्षण दिखाई देते है तो तुरंत डॉक्टर के पास जाए।

3. थकान
ज्यादा आलस आना और हर वक्त काम करते समय कमजोरी जैसा फील होना, यह सब थाइरॉयड के संकेत है।

4. बाल और त्वचा रूखी
थाइरॉयड होने पर त्वचा ड्राई होने लगती है चेहरे की चमक भी फीकी बढ़ जाती है। इसके अलावा बाल रूखे-बेजान होने लगते है।

5. दर्द की शिकायत
बिना किसी वजह से जोड़ों में दर्द रहना भी थाइरॉयड का संकेत है। इसलिए इसे मामूली दर्द समझकर बेफिकर न होकर बैठे बल्कि डॉक्टर के पास जाए।

6. डिप्रैशन
शरीर में थाइरॉक्सिन हॉर्मोन का लेवल कम होने के कारण मूड अक्सर बिगड़ा रहता है। किसी भी काम में मन नहीं लगता और दिमाग कमजोर हो जाता है।



# बच्चों को सर्दी-जुकाम से ऐसे रखें दूर

मौसम में बदलाव के कारण छोटी-छोटी स्वास्थ्य संबंधी समस्याए जैसे सर्दी, खांसी, जुकाम आदि होना आम बता है। बड़ों की तुलना में छोटे बच्चे सर्दी-जुकाम जैसी परेशानियों के शिकार हो जाते है। ऐसे में बच्चों की प्रोपर केयर करनी पड़ती है, ताकि छोटा सा सर्दी-जुकाम किसी बड़ी परेशानी का सबब न बन जाए। बच्चों के त्वचा काफी नाजुक होती है जो दूषित हवा या किसी संक्रमित व्यक्ति की समीपता के कारण वह जल्दी ही रोगाणुओं के संपर्क में आ जाते हैं। इस से बच्चों को0बचाने के लिए मां-बाप कई दवाइयां लेकर आते है लेकिन उनका कोई ज्यादा असर दिखाई नहीं देता। ऐसे में आप कुछ घरेलू तरीके अपनाकर बच्चे को सर्दी-जुकाम से बचा सकते है।

**1. नींबू**
एक कढ़ाई में 4 नींबू के रस और उसके छिलके डाल लें। फिर इसमें 1 चम्मच अदरक और थोड़ा पानी डालकर 10 मिनट तक काढ़े। अब इस मिश्रण छानकर अलग कर लें। इस पानी में शहद मिलाकर बच्चे को दिन 2-3 बार पीने के लिए दें।

**2. शहद**
अगर बच्चा 1 साल या उससे छोटी उम्र का है तो एक चम्मच नींबू के रस में 2 चम्मच कच्चा शहद मिलाकर बच्चे को 2-3 घंटे के अंतराल में पिलाएं। इससे बच्चे को सूखी खांसी और सीने के दर्द से राहत मिलेगी।

**3. अदरक**
6 कप पानी में आधा कप बारीक कटे हुए अदरक और दालचीनी के 2 छोटे टुकड़ों को 20 मिनट तक धीमी आंच परपकाएं। इसे छानकर शहद मिला लें। इस काढ़े में बच्चे को बराबर मात्रा में गर्म -पानी मिलाकर पिलाएं।

# प्याज खाने के बाद मुंह से आती है बदबू तो अपनाएं ये टिप्स





खाने की शायद ही कोई चीज हो जिसमें प्याज का इस्तेमाल न किया जाए। ज्यादातर सब्जियों में प्याज का ही तड़का लगाया जाता है और कई लोग तो स्लाद में भी कच्चा प्याज खाना पसंद करते हैं लेकिन प्याज खाने से मुंह से बदबू आने लगती है जिससे दूसरों को काफी परेशानी होती है। कुछ लोग सिर्फ इसी वजह से इसका सेवन नहीं कर पाते। ऐसे में प्याज खाने के बाद मुंह की दुर्गंध को दूर करने के लिए कुछ आसान तरीके अपना सकते हैं।

**1. पुदीना**
मुंह की बदबू को दूर करने के लिए पुदीने की पत्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं जो एक माउथफ्रैश का काम करता है। प्याज खाने के बाद पुदीने की 3-4 पत्तियां चबा लें।

**2.राई**
राई जिसे सरसों के बीज भी कहा जाता है, मुंह की बदबू को दूर करने के लिए राई भी खा सकते हैं। जब भी प्याज खाएं उसके बाद थोड़ी-सी राई को मुंह में डालकर चबाएं और फिर निगल जाएं।

**3.वोडका**
प्याज खाने के बाद 2 घूंट वोडका भी पी सकते हैं जिससे मुंह की दुर्गंध दूर होगी और दूसरे लोगों को कोई परेशानी भी नहीं होगी।

**4.गाजर**
जब भी स्लाद में प्याज का सेवन करें तो साथ में कच्ची गाजर भी शामिल करें। इन दोनों का साथ में सेवन करने से मुंह से प्याज की दुर्गंध नहीं आएगी।

**5.मशरूम**
जब भी मुंह से प्याज की दुर्गंध आए तो मशरूम खा लें। मशरूम की पकी हुई सब्जी तो हर समय नहीं मिल सकती। ऐसे में कच्ची मशरूम का छोटा-सा टुकड़ा भी खा सकते हैं।

# तो इसलिए बढ़ रही है रेडिमेंट कपड़ों का मांग



हर कोई फैशन में अप टू डेट रहने के लिए नए-नए ट्रैंड को फॉलो करता है। इसके लिए वो रेडिमेंट कपड़ों का ही सहारा लेता है। आज के मार्डन टाइम में किसी के पास इतना समय नहीं है कि वो बाजार से कपड़ा खरीदकर दर्जी से सिलाई करवाएं। बिजी शेड्यूल के चलते ही सब रेडिमेंट कपड़े को वियर करना पसंद करते हैं।

**1. फिटिंग की प्रॉब्लम नहीं**
मार्किट में मिलने वाले रेडिमेंट कपड़े हर साइज में मिल जाते हैं। जिससे फिटिंग की प्रॉब्लम नहीं होती और टेलर के पास भी नहीं जाना पड़ता।

**2. खरीदने में आसान**
कॉलेज और ऑफिस जाने वाले लोगों के पास इतना टाइम नहीं होता की वो कपड़ा खरीदें और सिलाई करवाएं। ऐसे में वो आसानी से मिल जाने वाले रेडिमेंट कपड़ो की तरफ ही आकर्षित होते हैं। जो उन्हें असानी से मार्किट में मिल जाते हैं। इसके साथ ही ढेरों तरह का वैरायटी में अपने पसंद के हिसाब से कपड़े चुनने में आसानी होती है।

**3. ट्रैंडी कपड़े**
ट्रैंडी, कलरफुल पैटर्न, स्टाइलिश सिलाई और यूनिक डिजाइन के कारण ही रेडीमेंट कपड़े युवाओं की पसंद बन गए हैं। इसके साथ ही युवाओं को अपनी पसंद के साथ समझौता भी नहीं करना पड़ता।

**4. सिलाई के बढ़ते दाम**
सिलाई के बढ़ते दामों के कारण ही लोगों ने रेडिमेंट कपड़े खरीदना शुरु कर दिया है। इसके अलावा कपड़ा खरीद कर दर्जी के चक्कर काटने के बावजूद भी लोगों को उनकी पसंद की चीज नहीं मिलती। इसी कारण वो बने बनाएं कपड़े खरीद लेते हैं।




दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# नोरा फतेही अब प्रियंका के पति निक संग धमाल मचाने को तैयार

**फेमस** डांसर नोरा फतेही किसी की भी पहचान की मोहताज नहीं है। अपने डांस मूव्स से अक्सर सभी को दीवाना बना लेने वाली एक्ट्रेस अब अबु धाबी में होने वाले विडकॉन इवेंट में परफॉर्म करती हुई नजर आएंगी। खास बात उस इवेंट के दौरान नोरा के साथ प्रियंका चोपड़ा के पति और अमेरिकी सिंगर निक जोनस स्टेज शेयर करते हुए नजर आएंगे। ये इवेंट 3 दिसंबर को होगा जिसमें निक और नोरो सहित दुनियाभर के कई पॉपुलर सेलिब्रिटीज भाग लेंगे। वैसे खबर ये भी है कि इस इवेंट में एक्ट्रेस अपने सुपरहिट गानों पर परफॉर्म करेंगी। नोरा फतेही अपने जबरदस्त डांस मूव्स के लिए जानी जाती हैं। वैसे नोरा बॉलीवुड की ऐसी पहली स्टार उभर का सामने आई हैं, जिन्होंने पैरिस में 'लिओलिंपियाय ब्रूना क्वॉट्रिक्स' में परफॉर्म किया है। यहां एक्ट्रेस के अरेबिक और इंडियन डांस के फ्यूजन ने लोगों के दिलों में अपनी खास पहचान बनाई थी। बता दें, इस एक्ट्रेस के अलावा कोई भी बॉलीवुड स्टार ओलिंपाया के स्टेज तक नहीं पहुंच पाया है। ऐसे में फिल्म जगत के लिए यह काफी गर्व की बात है कि अबू धाबी में अब फिर से नोरा फतेही इंटरनेशनल स्टार्स के साथ अपने डांस के जलवे बिखेरने को तैयार हैं। नोरा ने अबू धाबी में होने वाले इस इवेंट की जानकारी आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिये एक पोस्ट शेयर करके दी है। उन्होंने अपनी इस पोस्ट के साथ लिखा है-अब मैं और इंतजार नहीं कर सकती। दोस्तों 3 दिसंबर को मिलते हैं अबू धाबी में।



# लारा दत्ता का खुलासा



बॉलीवुड एक्ट्रेस लारा दत्ता इन दिनों अपनी सीसीज को लेकर सुर्खियों में हैं। इस सीरीज में लारा ने लंबे समय बाद एक बोल्ड किरदार निभाया है। वैसे बेटी के जन्म के बाद एक्ट्रेस ने अपने एक्टिंग करियर को थोड़ा ब्रेक दे दिया था, लेकिन अब एक्ट्रेस फुल ऑन तरीके से एक्टिव हो गई हैं और बैक टू बैक सीरीज और फिल्में कर रही हैं। हाल ही में 'हिक्प्स एंड हुकअप्स' के प्रमोशन के दौरान लारा दत्ता ने बेटी से जुड़ी एक ऐसी बात का खुलासा किया जिसे सुनकर उन्हें हार्ट अटैक आने वाला था। बेटी की बात सुनकर लारा दत्ता अपने पति महेश भूपति पर भी भड़क गई थीं। हाल ही में दिए इंटरव्यू में लारा ने बताया कि उनकी बेटी सायरा जब 4 साल की थी तभी से वो वेब शो 'फ्रेंड्स' को बहुत पसंद करती थी। उस सीरीज को देखने के दौरान सायरा को इतनी कम उम्र में ही तलाक के बारे में पता चला गया था और जब एक्ट्रेस को ये बात पता चली तो वो गुस्से में भड़क गई।

# मुनव्वर फारूकी ने खोली अंकिता लोखंडे के पति की पोल!



**बिग बॉस** 17 के विनर मुनव्वर फारूकी शो जीतने के बाद इस वक्त सातवें आसमान पर हैं। इन दिनों मुनव्वर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। मुनव्वर सोशल मीडिया पर भी फिर से एक्टिव हो गए हैं। शो के दौरान मुनव्वर फारूकी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अचानक जब मुनव्वर की विकी जैन से मुलाकात होती है। ऐसे में वो उन्होंने विकी के लिए ऐसी बात कही जिसे सुनने के बाद अंकिता लोखंडे भड़क सकती हैं। मुनव्वर फारूकी का एक वीडियो टेलीचक्कर के इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं, 'मुनव्वर कहते हैं कि हम लान्ज में बैठे हैं और हमने यहां किसको देखा अभी अरे यार बस हुआ ना अभी कितने दिन इस आदमी को झेला है।' इतना बोलने के बाद मुनव्वर विकी को आवाज देते हैं, 'विकी भाई... अरे यार नहीं मिलना है, लेकिन क्या मजबूरी है, मिलना तो पड़ेगा। ठीक है मिल लेते हैं। हम कोलकाता जा रहे थे और हमें विकी भाई मिल गए हैं।' इसके बाद विकी जैसे ही कुछ बोलने की कोशिश करते हैं मुन्ना उन्हें रोकते हुए कहते हैं, यहां पर बोलने देना मुझे। विकी भाई जा रहे हैं बिलासपुर अपनी दूसरी वाली...।